दिन– गुरुवार दिनांक– 26/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने राज्य में अट्‌ठाईस सितम्बर तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। अगले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

02. गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने से पटना समेत राज्य के तेरह बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति में मामूली सुधार।

03. राज्य के छह हजार आठ सौ उन्नीस पैक्स में पच्चीस नवम्बर से पांच दिसम्बर के बीच पांच चरणों में में होंगे चुनाव। पन्द्रह नवम्बर को जारी होगी अधिसूचना।

04. और, पटना की एनआईए अदालत ने पूर्वी चम्पारण के घोड़ासहन स्टेशन के पास ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की आतंकी साजिश में शामिल छह आरोपियों को दोषी करार दिया।

————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में अट्‌ठाईस सितम्बर तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। सीतामढ़ी, अररिया, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण जिले में बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

————————————————————————

गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के मनेर, दीघा घाट और गांधी घाट में खतरे के निशान से नीचे दर्ज किया गया। वहीं, हाथीदह में नदी का जलस्तर अभी भी लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट हो रही है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ के पानी में कमी आने के बाद जगह–जगह गाद की समस्या उत्पन्न हो गयी है। बाढ़ प्रभावितों को अब संक्रामक रोगों का खतरा सता रहा है। इधर, बेगूसराय, मुंगेर, खगड़िया, कटिहार और भागलपुर जिले के बाढ़ प्रभावित

इलाकों से पानी धीरे–धीरे निकलना शुरू हो गया है। बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय और शेखपुरा जिले में भी बाढ़ की स्थिति में सुधार है। इधर, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कल लखीसराय जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किये जा रहे राहत कार्यों की सराहना की।

———बाईट———

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार राज्य के बाढ़ प्रभावित तेरह जिलों में पांच सौ सतहत्तर सामुदायिक रसोई घर और नौ राहत शिविर संचालित किये जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों के बीच एक लाख सतहत्तर हजार से अधिक पॉलिथीन शीट और लगभग संतावन हजार सूखे राशन के पैकेट वितरित किये गये हैं। आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक हजार दो सौ नाव का परिचालन कराया जा रहा है। साथ ही लोगों तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तेरह बोट एम्बुलेंस भी संचालित किये जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

———————————————————————————

राज्य में पच्चीस नवम्बर से पांच दिसम्बर के बीच पांच चरणों में पैक्स के चुनाव कराये जायेंगे। चुनाव में सरकार द्वारा पहले से लागू आरक्षण की व्यवस्था का अनुपालन किया जायेगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांतरक्षित ने बताया कि पन्द्रह नवम्बर को चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव बैलेट पेपर से सम्पन्न कराये जायेंगे। श्री शांतरक्षित ने कहा कि कुल छह हजार आठ सौ उन्नीस पैक्स में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों, उप विकास आयुक्तों और जिला सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है।

———बाईट———

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के परामर्शी ने बताया कि जिन पैक्सों से चुनाव के प्रस्ताव नहीं आये हैं, उनके प्रस्ताव जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से आने के बाद चुनाव कराने का फैसला किया जायेगा। गौरतलब है कि राज्य में पैक्स की कुल संख्या आठ हजार चार सौ तिरेसठ है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने गुड़ उद्योग प्रोत्साहन नीति को स्वीकृति दे दी है। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत इस वर्ष 81 गुड़ इकाइयां स्थापित होंगी। इसके लिए बारह करोड़ चालीस लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

---बाईट---

श्री पासवान ने बताया कि गुड़ इकाई लगाने सहित विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक अक्टूबर से केन केयर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

---

पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्वी चम्पारण के घोड़ासहन स्टेशन के पास ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की आतंकी साजिश में शामिल छह आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश अभिजीत कुमार ने गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और रेलवे एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मोती लाल पासवान, रंजय कुमार साह, मुकेश यादव, राकेश कुमार यादव, गजेन्द्र कुमार शर्मा और कुमार उमाशंकर पटेल को दोषी करार दिया। आरोपियों की सजा की बिन्दु पर पांच अक्टूबर को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी, आईएसआई ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रेन उड़ाने की साजिश रची थी। तीस सितम्बर दो हजार सोलह को घोड़ासहन स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक पर आईईडी प्लांट किया गया था। हालांकि सुरक्षा बलों ने विस्फोट से पहले ही बम को बरामद कर उसे नष्ट कर दिया था।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल की वसूली अब तीन सौ दिनों के बदले मासिक औसत खपत के आधार पर की जायेगी। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। आने वाले दिनों में उत्तर बिहार में भी यह सुविधा लागू हो जाएगी।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि छह महीने की कामकाज की समीक्षा के आधार पर सुस्त अंचलाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अंचल स्तर पर ऑनलाइन सेवाओं को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने वाले अंचलाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। डॉक्टर जायसवाल ने सभी सीओ को अक्टूबर तक अपना प्रदर्शन सुधारने की

चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों को दाखिल–खारिज के अस्वीकृत किए गए मामलों की जांच करने का आदेश दिया।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन को लेकर बन रही नीति अंतिम चरण में है। नीति तीस सितम्बर से पहले तैयार कर ली जायेगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुये नई नीति को उदार बनाया जा रहा है।

———————————————————————

असम के सिलचर से गुजरात के पोरबंदर तक जाने वाले ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर, एनएच–सत्ताईस पर सुपौल में मिड–वे सर्विस प्लाजा निर्माण किया जायेगा। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने बताया कि कोसी महासेतु के पास आसनपुर कुपहा में इसका निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि सर्विस प्लाजा में एक ही जगह खाने, आराम करने और खेलने की सुविधा मिलेगी। साथ ही बच्चों के लिए इंटरटेनमेंट जोन भी होगा। श्री मिश्र ने कहा कि यहां पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप, ई–चार्जिंग और पार्किंग की व्यवस्था भी रहेगी।

———————————————————————

वयोवृद्ध गांधीवादी नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर सिंह का लंबी बीमारी के बाद मोतिहारी में निधन हो गया। वे चौरानवे वर्ष के थे। ब्रजकिशोर सिंह वर्ष उन्नीस सौ बयासी से उन्नीस सौ पचासी के बीच राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ब्रजकिशोर सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने ब्रजकिशोर सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के बारून और मदनपुर प्रखंडों मे कल देर शाम जीवित्पुत्रिका पर्व के दौरान स्नान करने गए 8 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह ने बताया कि मदनपुर प्रखंड के कुशहा और बारून प्रखंड के इंटहट गांव में चार–चार बच्चों की डूबने से मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक जताते हुये मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि नौ अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

———————————————————————

गया जिले के आंती थाना क्षेत्र के मिठापुर गांव में पुलिस ने एक सूखे कुंए से एसएलआर की एक हजार चार सौ नब्बे गोलियां बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– पटना के बिहटा में चार समेत उनचास डूबे। इकतालीस की मौत।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– विधवा और मेकअप पर पटना हाई कोर्ट की टिप्पणी आपत्तिजनक।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– सुपौल के भीम नगर बराज की आयु खत्म, पुनर्निर्माण की पहल नहीं। कोसी में सैलाब आया तो तबाही तय।

प्रभात खबर की सुर्खी है– तबादला नीति में शिक्षक दम्पति की एक ही स्कूल में नहीं होगी पोस्टिंग।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– जम्मू–कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न। सोलह देशों के राजनयिकों ने देखा चुनाव।

आज अखबार लिखता है– रीगा चीनी मिल में इसी सत्र से होगी गन्ने की पेराई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. मौसम विभाग ने राज्य में अट्ठाईस सितम्बर तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। अगले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

02. गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने से पटना समेत राज्य के तेरह बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति में मामूली सुधार।

03. राज्य के छह हजार आठ सौ उन्नीस पैक्स में पच्चीस नवम्बर से पांच दिसम्बर के बीच पांच चरणों में में होंगे चुनाव। पन्द्रह नवम्बर को जारी होगी अधिसूचना।

04. और, पटना की एनआईए अदालत ने पूर्वी चम्पारण के घोड़ासहन स्टेशन के पास ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की आतंकी साजिश में शामिल छह आरोपियों को दोषी करार दिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।